हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार, 20 अक्टूबर, 2025

तापमान
अधिकतम 34.4 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

15 महिला कॉलेज की छात्राओं ने भूमि आश्रम में मनाई दिवाली



16 रेसलिंग में कांस्य जीतकर अंतिम व श्रुति ने किया नाम रोशन



### दीपावली की पूर्व संध्या पर लोगों ने जमकर की खरीदारी

# दीपोत्सव की तैयारी पूरी, शहर रंग-बिरंगी लाइटों से जगमग

- आज होगी घरों व प्रतिष्ठानों में मां लक्ष्मी और गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना
- दीपावली पर बिजली की अधिक खपत को देखते हुए बिजली निगम ने व्यापक व्यवस्था की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

दीपोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सोमवार को लोगों के घरों व प्रतिष्ठानों में मां लक्ष्मी व गणेश की पूजा अर्चना होगी। कुबेर की भी पूजा का विधान है। रविवार को शहर में दीपावली की खरीदारी को लेकर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। राजगुरु मार्केट में इतनी अधिक भीड़ दी कि तिल रखने को जगह नहीं थी। बाजार में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पूजा के लिए लोगों ने लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा खरीदी है। दिवाली को लेकर लोगों ने रविवार को देर रात तक खरीदारी की। लोगों ने घरों की सजावट के लिए दीयों, मोमबत्ती, फूलों और गुलदस्तों के साथ रंग बिरंगी इलेक्ट्रॉनिक झालरों की भी खरीदारी की। इसके अलावा दिवाली उपहार देने के लिए लोगों ने मिठाई और गिफ्ट आइटम्स की भी खरीदारी की। पिछले कुछ वर्षों से मिठाइयां का के्रज लगातार कम हुआ है, इसके बावजूद दीपावली पर मिठाई दुकानों पर अच्छी खासी भीड़ रही।





हिसार। दीपावली की पूर्व संध्या पर राजगुरु मार्केट में खरीदारी करते लोग। फोटो : हरिभूमि

### प्रमुख चौक किए लाइटों से रोशन

उधर, दीपावली पर पूरा शहर रंग-बिरंगी लाइटों से जगमग करने लगा है। दिवाली को लेकर लोगों ने अपने घर और प्रतिष्ठान की शानदार सजावट की है। घरों और प्रतिष्ठानों के साथ शहर के प्रमुख चौकों और सड़क मार्गों पर नगर निगम की तरफ से बिजली की लड़ियां लगाई गई है। लोगों ने अपने घरों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजावट की है।

### बिजली निगम ने बनाई विशेष व्यवस्था

दीपावली के दिन बिजली की समस्या न रहे, इसके चलते बिजली निगम ने अपनी सभी तैयारियों पूरी कर ली है। दीपावली पर बिजली की खपत बढ़ने के कारण बिजली निगम अलर्ट मोड में है। हिसार सर्कल में औसतन 85 लाख यूनिट की खपत हो रही है। निगम को अनुमान है कि दीपावली पर बिजली खपत 100 लाख यूनिट के करीब पहुंच जाएगी। बिजली की खपत बढ़ने के कारण बिजली उपभोक्ताओं को किसी तरह की दिक्कत न उठानी पड़े, इसके लिए दीपावली पर्व के दिन कंट्रोल रूम में 24 घंटे कर्मचारियों मौजूद रहेंगे। शहरी क्षेत्र में बिजली संबंधी शिकायत मिलने पर मात्र 10 मिनट में बिजली कर्मचारी मौके पर पहुंच जाएंगे। इस बारे में निगम के एसई एफआर नकवी ने सभी एसडीओ के आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। सभी एसडीओ को 24 घंटे अपने मोबाइल ऑन रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### स्वास्थ्य विभाग और दमकल विभाग अलर्ट

दीपावली पर आपात सेवा के लिए पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और अग्निशमन विभाग ने अपनी सभी तैयारी पूरी कर रखी है। पुलिस कर्मियों की शहर में अलग-अलग जगह ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा नागरिक अस्पताल में किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी पूरी कर ली गई है। दीपावली के दिन इमरजेंसी में रूटीन से अलग टीम की तैनाती की गई है। साथ में इमरजेंसी में दवाओं का स्टॉक पूरा किया है। इसके अलावा स्पेशलिस्ट डॉक्टरों को ऑन कॉल पर रखा गया है। जरूरत पड़ने पर स्पेशलिस्ट को कॉल कर बुलाया जाएगा। अस्पताल के आपात फायर ब्रिगेड ने आग लगने की घटना की स्थिति में तत्काल मौके पर पहुंचने की तैयारी कर रखी है।

# पुलिस ने सख्त की निगरानी, भीड़भाड़ वाले बाजारों में सुरक्षा चाक-चौबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

दीपावली पर्व को शांति एवं सुरक्षा के साथ मनाए जाने के लिए जिला पुलिस ने पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया है। शहर के प्रमुख बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और धार्मिक स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई।

### संदिग्धों से पूछताछ बाजार में निगरानी

पुलिस उप अधीक्षक स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने नागोरी गेट, राजगुरु मार्केट, कैंप चौक, पीएलए मार्केट, अर्बन एस्टेट मार्केट सहित भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त कर निगरानी रख रही हैं। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई और सुरक्षा में लगे कर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए।



### बिछड़ी बच्ची को मां-बाप से मिलवाया

इसी दौरान, राजगुरु मार्केट की भीड़ में एक मासूम बच्ची अपने माता-पिता से बिछड़ गई। मौके पर मौजूद दुर्गा शक्ति टीम ने तत्परता दिखाते हुए बच्ची को सुरक्षित अपने माता-पिता से मिलवाया। टीम की इस संवेदनशील पहल की लोगों ने सराहना की।


### नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : एसपी

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि त्योहारों के दौरान पुलिस नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। हर थाना क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई गई है और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए टीमें अलर्ट पर हैं। नागरिकों से भी अपील है कि वे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सतर्क रहें, बच्चों पर विशेष ध्यान रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।









## यातायात पुलिस ने सडक के बीच में लगाए टैंट को उतरवाया

**कालांवाली।** दीपावली के त्यौहार को लेकर शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा रविवार को सड़क बीच लगाए गए टैंट को उतरवाया गया ताकि आपात स्थिति में किसी प्रकार की दिक्कत न आए।यातायात प्रभारी भूप सिंह ने बताया कि दीपावली के त्यौहार को लेकर सभी दुकानदारों को निर्देश दिए कि है कि सडक के बीच में कोई भी टैंट नही लगने दिया जाएगा। पुलिस द्वारा रेहडी चालकों को निर्देश दिए है कि वे अपनी रेहडियां सीमित दायरे में लगाएं न कि सडक के बीच में खडी करें। इसके अलावा उन्होंने दुकानदारों को भी चेतावनी दी कि वे अपनी दुकानों के बाहर सीमित दायरे में ही स्टाल या टैंट लगाएं ताकि किसी भी व्यक्ति को परेशानी न हो। पुलिस द्वारा रविवार को आरा रोड पर एक दुकानदार द्वारा सडक के बीच में लगाए गए टैंट को उतरवाया गया ओर चेतावनी दी गई कि कोई भी दुकानदार रास्ते में टैंट आदि लगाएगा तो उसका सामान जब्त कर लिया जाएगा। इसके अलावा जो भी व्यक्ति सडक के बीच में अपना वाहन खडा करेगा तो उसकी गाडी भी जब्त की जाएगी।

### किसानों को 682 करोड़ का भुगतान

# फतेहाबाद में 4.84 लाख एमटी धान की आवक, 61 प्रतिशत लिफ्टिंग

- जिले में तीन खरीद एजेंसियां फूड एंड सप्लाई डिपार्टमेंट, हैफेड और हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन एमएसपी पर धान खरीद रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले की मंडियों और खरीद केन्द्रों पर धान की आवक जोरों पर है। जिले में तीन खरीद एजेंसियां फूड एंड सप्लाई डिपार्टमेंट, हैफेड और हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन एमएसपी पर धान की खरीद कर रही है। जिले में अब तक 4 लाख 84 हजार 683 एमटी धान की आवक हो चुकी है। इसमें से करीब 61 प्रतिशत यानि 2 लाख 92 हजार 246 एमटी धान की लिफ्टिंग हो चुकी है जबकि 1 लाख 89 हजार 437 एमटी धान अब भी मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर पड़ा है। बता दें कि सरकार द्वारा ग्रेड ए धान का सरकारी रेट 2389 रुपये प्रति



**फतेहाबाद।** मंडी में आई धान की फसल।

### 269 राइस मिलें अलाट की

फतेहाबाद जिले में फूड एंड सप्लाई, हैफेड और एचडब्ल्यूसी को सीएमआर के लिए 269 राइस मिलें अलाट की गई हैं। इनमें फूड एंड सप्लाई को 93, हैफेड को 87 व एचडब्ल्यूसी को 89 मिलें शामिल हैं। खरीद एजेंसियां अब तक 246 राइस मिलों के साथ एग्रीमेंट कर चुकी हैं, जिनमें फूड एंड सप्लाई द्वारा अब तक 88, हैफेड द्वारा 78 व एचडब्ल्यूसी द्वारा 80 मिलें शामिल हैं। जिले में अब तक 5 लाख 17 हजार 971 एमटी धान मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर आया है जिसमें से 4 लाख 84 हजार 683 एमटी धान की खरीद की जा चुकी है। फूड एंड सप्लाई द्वारा 7952 किसानों से 1 लाख 68 हजार 949 एमटी धान खरीदा है। इसमें से 53.25 प्रतिशत यानि 89 हजार 971 एमटी धान की उठान हो चुका है जबकि 78 हजार 978 एमटी धान मण्डियों में पड़ा है। फूड एंड सप्लाई द्वारा 53 प्रतिशत किसानों को 213 करोड़ 91 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

### हैफेड ने 10,347 किसानों का धान खरीदा

हैफेड द्वारा 10347 किसानों से 1 लाख 57 हजार 350 एमटी धान खरीदा है। इसमें से 63.52 प्रतिशत यानि 99 हजार 944 एमटी धान की उठान हो चुका है जबकि 57 हजार 406 एमटी धान मण्डियों में पड़ा है। हैफेड द्वारा 60 प्रतिशत किसानों को 227 करोड़ 17 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। एचडब्ल्यूसी द्वारा 11649 किसानों से 1 लाख 58 हजार 384 एमटी धान खरीदा है। इसमें से 66.50 प्रतिशत यानि 1 लाख 5 हजार 331 एमटी धान की उठान हो चुका है जबकि 53 हजार 53 एमटी धान मण्डियों में पड़ा है। एचडब्ल्यूसी द्वारा 64 प्रतिशत किसानों को 241 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। बता दें कि जिले में पिछले साल कुल 7 लाख 43 हजार 194 एमटी धान की खरीद की गई थी।



## ग्रीन दीपावली को लेकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**सिरसा।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा हुडा सैक्टर-20 स्थित आश्रम में इस वर्ष ग्रीन दीवाली के अवसर पर एक विशेष पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज को प्रदूषण-मुक्त, स्वच्छ और हरित दीवाली मनाने के लिए प्रेरित करना था, ताकि त्योहार की खुशियां प्रकृति की मुस्कान के साथ बांटी जा सकें। कार्यक्रम के दौरान संस्थान ने अपने संरक्षण प्रकल्प के अंतर्गत लोगों को यह संदेश दिया कि दीवाली केवल रोशनी का नहीं, बल्कि चेतना का पर्व है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे इस बार दीवाली को पटाखों की जगह दीपकों से सजाएं, पौधे लगाकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। संस्थान के प्रवक्ताओं ने बताया कि आज प्रदूषण, ध्वनि और कचरे की समस्या हमारे जीवन का हिस्सा बन चुकी है।

## खास बातें

### इनेलो ने की पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज. सिरसा। इनेलो जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा ने पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की सिरसा हलके की शहरी कार्यकारिणी घोषित की। घोषित कार्यकारिणी में गोविंदराम सुथार को प्रकोष्ठ का शहरी प्रधान बनाया गया है वहीं वेदप्रकाश वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद सौंपा गया है। इसी प्रकार कृष्ण कुमार को प्रधान महासचिव, रण सिंह वर्मा को संगठन सचिव, कृष्ण कुमार को प्रचार सचिव पद सौंपा गया है। इसी प्रकार सोनू जांगड़ा, राजू नाई व प्रेम सैनी को उपाध्यक्ष, हरिप्रकाश, गुरदीप सिंह व जसपाल कंबोज को महासचिव तथा बूटा सिंह नाई, हंसराज कंबोज, लवप्रीत कंबोज व मलकीत कंबोज को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है।

### चोरी का तीसरे आरोपी को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीसरा आरोपी रोहित उर्फ मोहित को गिरफ्तार किया है। सदर थाना प्रबंधक सुखदेव सिंह ने बताया कि सन्नी तिरगोत्रा निवासी गांव कंगनपुर ने शिकायत दी थी कि उसके घर में अज्ञात चोरों ने घुसकर दो मोबाइल फोन, नगद 45 हजार रुपये व सोने के आभूषण चोरी कर लिए थे। इस शिकायत पर थाना सदर सिरसा मे उक्त अभियोग दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने पूर्व में दो आरोपियों विजय राम भारती उर्फ मिठु तथा राधे को चोरीशुदा मोबाइल सहित गिरफ्तार किया था। तफ्तीश को आगे बढ़ाते हुए एस.आई. किरणपाल कौर की टीम ने गहन जांच के बाद एक और आरोपी रोहित उर्फ मोहित पुत्र कालूराम निवासी एम.सी. कॉलोनी, वार्ड नं. 07 सिरसा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने जुर्म स्वीकार किया।

### करंट लगने से झुलसे जेई का निधन

हरिभूमि न्यूज. सिरसा। जिला के गांव कुरूंगावाली में करीब एक माह पूर्व बिजली का करंट लगने से जख्मी हुए कालांवाली के दादू रोड निवासी जेई मदन लाल जांगडा ने रविवार को दिल्ली में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उल्लेखनीय है कि 25 सितंबर को कुरूंगावाली बिजलीघर में काम करते समय तेल गिरने से जेई मदन लाल बुरी तरह झुलस गए थे। उन्हें सिरसा के समान्य अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद हिसार रैफर कर दिया था, इसके बाद स्वजन उन्हें दिल्ली में ले गए थे। जहां उपचार के बाद आज उनका निधन हो गया।

### शनिदेव मंदिर में महा अन्नकूट भंडारा 22 को

हरिभूमि न्यूज. ओढां। गौशाला रोड पर स्थित श्री शनिदेव मंदिर ओढ़ा में इच्छापूर्ण शनिदेव सेवा समिति व समस्त गांववासियों के सहयोग से 22 अक्टूबर को महा अन्नकूट भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी दीपक भृगुवंशी ने बताया कि दिनांक 22 अक्तूबर 2025, दिन वीरवार को सुबह 9:15 बजे कीर्तन होगा। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायिका राधा सोनी व गंगा सोनी बाबा जी का गुणगान करेंगी।

# सिरसा : पुलिस ने बढ़ाई चौकसी, शहर में गश्त



**सिरसा।** शहर में गश्त करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस ने दीपावली पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस ने शहर में गश्त की। गश्त का उद्देश्य बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेना, आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाना तथा लोगों को सतर्कता और जागरूकता का संदेश देना रहा। एसपी डॉ. मयंक गुप्ता ने विशेष रूप से सभी थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए थे कि वे स्वयं अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस कर्मियों के साथ पैदल गश्त करें ताकि आमजन में सुरक्षा का माहौल बना रहे और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस अधिकारियों ने मुख्य बाजारों, बस अड्डों, धार्मिक स्थलों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त की।

### नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि : एसपी

पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने बताया कि सिरसा पुलिस नागरिकों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था को सर्वोपरि मानती है। दीपावली के अवसर पर जिले में सुरक्षा प्रबंधों को और मजबूत किया गया है। बाजारों, संवेदनशील स्थानों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड तथा प्रमुख मंदिरों पर पुलिस की अतिरिक्त तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस का यह प्रयास केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है बल्कि समाज में पुलिस जनता के साथ का भाव भी सशक्त करना है। उन्होंने कहा कि दीपावली खुशी और भाईचारे का त्योहार है, इसे सौहार्द और संयम के साथ मनाएं।

# धरने पर बैठे रतिया अनाज मंडी के पल्लेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

अपनी मांगों को लेकर रतिया अनाज मण्डी के पल्लेदारों ने रविवार को रतिया मार्केट कमेटी परिसर में पल्लेदार संघर्ष यूनियन हरियाणा के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया गया है। यूनियन के नेता राजा सिंह के अनुसार जब तक उनकी शेष मांगे पूरी नहीं होती तब तक उनका यह धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। यूनियन ने यह भी फैसला किया कि प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 11 बजे तक धरना प्रदर्शन नियमित रूप से किया जाएगा। इंकलाबी नौजवान सभा के अध्यक्ष गुरप्रीत गोपी भी धरनास्थल पर पहुंचे और समर्थन दिया। उन्होंने कहा अगर सरकार इनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं करता तो आने वाले दिनों एक बड़े आंदोलन का सामना करना पड़ेगा क्योंकि सरकार ने हमेशा मजदूरों को दबाने का काम किया। उनके हक अधिकारों को छीना है। इन मजदूरों के साथ ज्यादत्ती को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




**रतिया।** धरने पर बैठे मण्डी के पल्लेदार।

### प्रमुख मांग

*यूनियन ने मांग की है कि परमल धान की समस्त आवक केवल मंडी के अंदर हो। मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित 18.85 प्रति बैग 37 किलोग्राम की दर से पूरी मजदूरी दी जाए। पल्लेदारों की मजदूरी का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में के माध्यम से किया जाए। प्रत्येक पल्लेदार का मजदूर कार्ड बनाया जाए तथा उसकी रजिस्ट्रेशन एसडीएम कार्यालय में की जाए। यदि किसी पल्लेदार की कार्य करते समय मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिवार को सरकार द्वारा एक करोड़ रुपये तक का मुआवजा प्रदान किया जाए। प्रत्येक पल्लेदार को 10 लाख रुपये तक का निःशुल्क चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराया जाए।*



**सिरसा।** डबवाली के नागरिक अस्पताल में प्रदर्शन करते लोग।

## इलाज करवाने आए युवक को अस्पताल स्टाफ ने पीटा, लोगों ने किया प्रदर्शन

**डबवाली।** शहर के सरकारी अस्पताल में इलाज करवाने आए एक मरीज के साथ अस्पताल स्टाफ के लोगों ने जमकर मारपीट की। उसके साथी ने जब इस मारपीट की वीडियो बनाई तो अस्पताल स्टाफ ने वह मोबाइल छीन कर तोड़ दिया और वीडियो डिलीट कर दी। घटना के बाद अस्पताल में हंगामा हुआ और पार्षद समनदीप बराड़ के नेतृत्व में लोगों ने प्रदर्शन करते हुए आरोपी स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़ित युवक अजय ने बताया कि कल रात वह अपने एक साथी के साथ मोटर साइकिल पर जा रहा था कि मोटरसाइकिल स्लिप होने पर वह चोटिल हो गया। उसे अस्पताल लाया गया लेकिन यहां पर किसी ने इलाज नहीं किया। काफी देर के इंतजार के बाद जब उसने रोष जताते हुए अपनी बात कही तो स्टाफ के कुछ सदस्य गुस्सा हो गए। इन लोगों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जब उसके साथी ने इसका वीडियो बनाया तो उसका मोबाइल छीन कर तोड़ दिया गया। इसके बाद 112 डायल करके पुलिस को बुलाया। पुलिस वालों ने उसे बचाया और महरम पट्टी करवाई।

# 23 नाके, 650 पुलिस कर्मी और 40 पेट्रोलिंग टीमें तैनात

- त्योहार को लेकर जिले में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज और विश्वकर्मा जयंती जैसे पावन पर्वों के अवसर पर जहां फतेहाबाद जिला दीपों से जगमगाने को तैयार है, वहीं जिले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फतेहाबाद पुलिस अलर्ट मोड में आ चुकी है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में पूरे जिले में व्यापक और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जिले में पुलिस द्वारा 13 स्थायी नाके और 10 अतिरिक्त नाके सक्रिय कर दिए गए



**फतेहाबाद।** जिले के बाजारों में तैनात पुलिस टीमें।

### डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी निगरानी

सार्वजनिक स्थलों, बाजारों और पूजा स्थलों पर महिला पुलिस, सादी वर्दी में जवान, और सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित की गई है। हर संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई के लिए क्विक रिस्पॉन्स यूनिट तैनात की गई है। त्योहारी भीड़ के बीच डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी निगरानी और सख्ती बढ़ा दी गई है।

### पटाखों को लेकर निर्देश

पुलिस अधीक्षक ने दीपावली को सुरक्षित और हरित रूप में मनाने की अपील करते हुए पटाखों को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए है। उन्होंने बताया कि पटाखे फोडने का समयः रात 8 बजे से 10 बजे तक है और केवल ग्रीन क्रैकर्स की अनुमति होगी। तेज आवाज वाले पटाखे और लड़ी-बम पूरी तरह प्रतिबंधित है। धार्मिक स्थल, अस्पताल, स्कूल और सार्वजनिक स्थलों के पास पटाखे चलाना वर्जित है। बिना लाइसेंस बिक्री या भंडारण पर एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सांसद ने दीपावली की दी शुभकामनाएं

**फतेहाबाद।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने प्रदेश एवं जिला वासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली का यह पावन पर्व अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह त्यौहार समाज में प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश देता है। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि प्रकाश का यह पर्व सबके जीवन में नई रोशनी, नई ऊर्जा और नई उम्मीदें लेकर आए।

# जी लिट्रा वैली स्कूल में दीपावली का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया

**भिवानी।** जी लिट्रा वैली स्कूल में दीपावली का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस उत्सव की शुरुआत नर्सरी कक्षा के नन्हे-मुन्ने बच्चों की नृत्य प्रस्तुति के द्वारा की गई। स्कूल में प्रभु श्री राम के गीत गूंज उठे व बच्चों की नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय प्रबंधन कार्यकारिणी समिति के सदस्यों सत्यनारायण मित्तल, रामचंद्र मित्तल, ज्ञानीराम मित्तल, ट्रस्टी अमन गर्ग, शैक्षणिक निर्देशिका दिव्या गर्ग, प्राचार्या सीमा मक्कड़ सहित सभी बच्चों द्वारा लक्ष्मी पूजन किया गया। तत्पश्चात सभी को प्रसाद वितरण किया गया। पूरे स्कूल में दीप प्रज्वलित किए गए। बच्चों के लिए रंगोली, दिया सजाओ और थाली सजाओ प्रतियोगिताएं करवाई गई। कक्षा 9वी से 12वीं के बच्चों द्वारा



( कुकिंग विदाउट फायर) भोजन स्टॉल का आयोजन किया गया। उत्सव के अंत में अध्यापक व अध्यापिकाओं ने बच्चों के साथ मिलकर फुलझड़ियां जलाई।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**जींद।** घिमाना-बीबीपुर गांव के बीच सड़क पर नील गाय आ जाने के चलते एक युवक की रविवार को मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। गांव खांडा निवासी 30 वर्षीय नवदीप रविवार को अपनी कार से जींद आ रहा था। वह फिलहाल शहर की शिव कालोनी में रहता है। जब वह घिमाना-बीबीपुर गांव के बीच में पहुंचा तो अचानक उसकी कार के आगे नील गाय आ गई। नील गाय को बचाने के चक्कर में उसकी कार असंतुलित हो गई और सड़क किनारे गड्ढों में जाकर पलट गई।

# हर नागरिक स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी करे : दलाल

- लोगों से दीपावली पर्व को हर्षोल्लास से आपसी प्रेम, सदभाव व एकता से मनाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि देश को सशक्त, आत्मनिर्भर और मजबूत अर्थव्यवस्था वाला देश बनाने के लिए यह जरूरी है कि हर नागरिक स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी करें। उन्होंने कहा कि खरीदारी के इस बदलाव से हमारी सेना मजबूत होगी और हमारा देश मजबूत होगा। पीएम मोदी के हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी अभियान से ही हम अपने देश को एक बार सोने की चिड़िया बना सकेंगे। वे रविवार को बहल कस्बे के बाजार में लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं देने आए थे। उन्होंने लोगों से दीपावली पर्व को हर्षोल्लास से आपसी प्रेम, सदभाव व एकता से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब हम एक रहेंगे तो ही हमारे परिवार, समाज और देश का विकास संभव है। उन्होंने बाजार में रेहड़ी, खोमचों वालों से दीपक व दीपावली संबंधित अन्य समान की खरीदारी की। उन्होंने लोगों को 11000 मिट्टी से बने हुए दीपक वितरित किए।



**बहल।** मार्केट कमेटी विश्राम गृह में पूर्व मंत्री जेपी दलाल का स्वागत करते हुए पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल।

### सांसद धर्मबीर सिंह ने किया सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

# प्रतियोगिता से प्रतिभाओं में आता है निखार: धर्मबीर

ग्रामीण युवाओं की खेल प्रतिभा को नई दिशा देने वाला प्रेरणादायी आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

राजीव गांधी ग्रामीण खेल परिसर में भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मबीर सिंह ने सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित होने वाले खेलों का शुभारंभ किया। महोत्सव में लोहारू विधानसभा के विभिन्न गांवों से 165 एकल प्रतिभागियों एवं 90 टीमों ने विभिन्न खेल विधाओं में भाग लिया। कार्यक्रम में बीआरसीएम शिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ. एसके सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत खेलों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन ग्रामीण युवाओं को अपने अंदर छिपी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं। आने वाले समय में यहीं से निकलने वाले खिलाड़ी देश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में सांसद खेल महोत्सव के नोडल अधिकारी सुधीर चांदवास ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों से उभरती खेल प्रतिभाओं को नई दिशा और पहचान मिल रही है।



**बहल।** खिलाड़ियों का परिचय लेकर मैच शुरू करवाते सांसद।

### माफी मांगनी चाहिए

जिला खेल अधिकारी विद्यानंद यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी, वालीबॉल, कुश्ती और रस्साकसी खेलों का आयोजन किया जाएगा। बीआरसीएम शिक्षण समिति के निदेशक डॉ. एसके सिन्हा ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं आयोजन टीम का स्वागत किया और कहा कि बीआरसीएम सदैव खेल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### रंगोली व कक्षा-कक्ष डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया

# कैरू के आदर्श विद्यालय में प्रदूषण मुक्त व ग्रीन दीपावली मनाने का दिया संदेश

- श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

बढ़ते प्रदूषण से पर्यावरण को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए दीपोत्सव पर आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैरू में ग्रीन एंड क्लीन दीपावली मनाई। इस अवसर पर रंगोली व कक्षा-कक्ष डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### विजेताओं को किया गया सम्मानित

रंगोली में भाग लेने वाली वरिष्ठ वर्ग की छात्राओं में कक्षा बारहवीं सांईस से ज्योति, मनस्वी, अपूर्वा, ष्वेता, हिमानी व निकिता तथा कनिष्ठ वर्ग में कक्षा सातवीं से लुभावना, कुमकुम, जानवी, कल्पना व दिव्या आदि की रंगोली में प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका में प्राध्यापिका प्रवीन कुमारी, शालु अग्रवाल, मनीषा वत्स व सुनीता भारद्वाज का विशेष योगदान रहा। भारतवर्ष के इस पंच दिवसीय दीपोत्सव पर आदर्श ग्रुप ऑफ एजुकेशन इंस्टीटयूशन के चेयरमैन रामकुमार बंगालिया ने प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को सम्मानित करते हुए दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दी और विद्यालय में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को मर्यादा पुरषोतम श्रीराम के आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। प्रार्थना सभागार में प्राचार्य एसएन पालीवाल ने आगामी पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण देने के लिए विद्यार्थियों को प्रदूषण मुक्त व ग्रीन दीपावली मनाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर डॉ. विकास बंगालिया, उपप्राचार्य संजय जांगड़ा व प्राध्यापक रामफल सिंह, हनिश अग्रवाल, रामधारी आदि समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

**अपील**

सांसद ने कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा करवाया

# प्रदेश सरकार की खुद के ही प्रशासन पर ही पकड़ नहीं : कुमारी सैलजा



हिसार। सांसद कुमारी सैलजा डाबड़ा चौक स्थित अपने आवास पर कार्यकर्ताओं से मिलती हुई। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

■ अपने आवास कार्यकर्ताओं से बातचीत की प्रदेशवासियों को दिवाली पर्व की बधाई दी

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में पिछले दिनों जो कुछ देखने को मिला, उससे यह लगता है कि सरकार की खुद के ही प्रशासन पर पकड़ नहीं है। किसी तरह अफसरों को कौन प्रताड़ित करता है, कौन प्रताड़ित कर रहा है, हालात यह बने चुके हैं कि बड़े अफसरों को भी विश्वास नहीं है। कैसे यह सरकार और किस नाम की चल रही है। कुमारी सैलजा रविवार को दीपावली के अवसर पर डाबड़ा चौक स्थित अपने आवास कार्यकर्ताओं से बातचीत कर रही थी। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कुमारी सैलजा ने प्रदेश में बढ़ते नशे पर चिंता जताते हुए दीपावली पर नशे को छोड़ने की अपील भी की। कुमारी सैलजा ने प्रदेशवासियों को दीवाली के पर्व की बधाई देते हुए कहा कि दीपों का यह पावन पर्व देश-प्रदेश में खुशहाली, अमन-चैन व तरक्की लेकर आए और सभी का जीवन खुशहाल हो। हमारे पर्व हमारी संस्कृति की पहचान हैं। त्यौहार हमें नई ऊर्जा से भर देते हैं। दीपों का पवित्र त्यौहार दिवाली वैसे भी प्रकाश का पर्व है यह त्यौहार सभी के जीवन में खुशी, सुख, समृद्धि लाए यही कामना है। उन्होंने आवास पर पहुंचे कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा करवाया और सभी के मंगलमय जीवन की कामना की।




## भिवानी रोहिल्ला स्कूल की बेसबाल टीम ने जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

■ स्कूल पहुंचने पर बेसबाल खिलाड़ियों को सम्मानित किया

58वीं राज्य स्तरीय बेसबाल स्पर्धा में भिवानी रोहिल्ला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की अंडर 19 टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता।

अंबाला में हुई प्रतियोगिता में स्कूल के खिलाड़ी बच्चों ने जिले का प्रतिनिधित्व किया और सराहनीय प्रदर्शन कर प्रतिद्वंद्वी टीम को पराजित किया। जीत दर्ज करने के बाद अब खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस टीम का नेतृत्व कर रही डीपीई भतेरी देवी ने बताया कि भिवानी रोहिल्ला स्कूल के खिलाड़ी बेसबाल में पिछले करीब दस साल से राज्य स्तर पर मेडल जीतते आ रहे हैं।

बेसबाल टीम तथा सीनियर खिलाड़ी बच्चों को स्कूल पहुंचने पर डीपीई भतेरी देवी, प्राचार्या कमलेश लौरा, सरपंच बलजीत सिंह, एसएमसी प्रधान कालूराम के अलावा मौजिज ग्रामीण, स्कूल स्टाफ सदस्यों ने सम्मानित किया।

## राजकीय महिला कॉलेज की छात्राओं ने भूमि आश्रम में मनाई दिवाली

■ फलों, बिस्कुट आदि का वितरण किया

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाई और कंप्यूटर विभाग के संयुक्त तत्वाधान में शहर के भूमि आश्रम में दिवाली मनाई गई। जॉय ऑफ गिविंग अभियान के तहत राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर सतबीर सिंह सांगा के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों एनएसएस इकाइयों ने कंप्यूटर साइंस विभाग के सहयोग से भूमि आश्रम का दौरा किया। यहां आश्रम में रह रहे मंदबुद्धि व्यक्तियों के साथ दीपावली का पर्व बड़ी ही आत्मीयता और स्नेह के साथ मनाया गया।

स्वयंसेवकों एवं शिक्षकों ने फलों, बिस्कुट आदि का वितरण किया तथा सभी को भोजन परोसा। इसके बाद सभी ने दीये जलाए, नृत्य प्रस्तुत किए और आश्रम के निवासियों के साथ हर्षोल्लास से समय बिताया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह एक अत्यंत भावनात्मक और हृदयस्पर्शी अनुभव रहा। प्राचार्य प्रोफेसर सतबीर सिंह सांगा ने इस पहल के लिए एनएसएस इकाइयों और कंप्यूटर साइंस विभाग के संयुक्त प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी हीना पाहुजा, कंप्यूटर साइंस विभाग से अमित बंसल व विपिन बब्बर, प्रोफ़ेसर हर्षा, संस्कृत विभाग से अमित कौशिक सहित अन्य भी मौजूद रहे।



हिसार । भूमि आश्रम में दिवाली मनाते महिला कॉलेज की छात्राएं व स्टाफ सदस्य।







## एमए संस्कृत में एफसी कॉलेज की सुनीता ने किया टॉप

■ प्राचार्या ने सभी छात्राओं, प्राध्यापकों को बधाई दी

**हिसार।** फतेहचन्द महिला महाविद्यालय की एमए संस्कृत की द्वितीय सत्र की छात्राओं ने गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में शानदार प्रदर्शन दिखाया। शीर्ष दस स्थानों में पहला स्थान महाविद्यालय की सुनीता ने (93.20), सपना रानी ने दूसरा (89.80), निहारिका ने तीसरा (89.00), सोनिया ने चौथा (88.00), अर्चना ने 5वां (83.80), कोमल ने 7वां (80.60), मधु ने 8वां (79.60) तथा सोनिया ने 9वां (78.60) स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने सभी छात्राओं, अभिभावकों और प्राध्यापकों को बधाई दी।








### पिस्तोलनुमा वस्तु दिखाकर 150 रुपये लूटे, तीन गिरफ्तार

**हिसार।** आजाद नगर थाना पुलिस ने लूट के एक मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी एएसआई सतबीर सिंह ने बताया कि शनिवार को नरवाना क्षेत्र के सीसर गांव निवासी शिकायतकर्ता रिंकू ने थाना आजाद नगर में दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पिकअप गाड़ी में रसगुल्लों से भरे डिब्बे लेकर बहल (भिवानी) से नरवाना जा रहा था। जब वह पनिहार चौक के पास पहुंचा तो पीछे से आई एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों ने पिस्तोलनुमा वस्तु दिखाकर गाड़ी रुकवाई और 150 रुपये नकद और एक डिब्बा रसगुल्ले का छीन लिया। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच करते हुए त्वरित कार्रवाई की और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान कालवास निवासी राधेश्याम, चौधरीवास निवासी राजसिंह व शिव कॉलोनी हिसार के किशोर के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल और 150 रूपये बरामद किए है। उन्हें पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।


















## खबर संक्षेप

### डीपीएस के हरवीर ने स्केटिंग में जीता कांस्य

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रतिभाशाली स्केटिंग खिलाड़ी हरवीर ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए सीबीएसई नॉर्थ ज़ोन-2 स्केटिंग टूर्नामेंट में 500 मीटर ट्रैक इवेंट में तीसरा स्थान एवं कांस्य पदक प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता गुरुग्राम में आयोजित की गई। हरवीर के इस शानदार प्रदर्शन ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया बल्कि यह भी सिद्ध किया कि लगन, अनुशासन और नियमित अभ्यास सफलता की सबसे बड़ी कुंजी हैं। प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर तथा निदेशक निहाल सिंह ने हरवीर, तथा प्रशिक्षक पावेल को हार्दिक बधाई दी।

### मोमबत्ती सजावट में दिव्यांश रहा प्रथम

**नारनौंद।** दीपावली पर सृष्टि इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल, मोठ में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए अनेक रोचक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नर्सरी से एलकेजी कक्षा में मोमबत्ती सजावट प्रतियोगिता में दिव्यांश, पूर्वी, रितिका, अंकित ने प्रथम व वन्शु, योगेश, स्नेहा, जन्नत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यूकेजी से दूसरी कक्षा में दिया सजावट प्रतियोगिता में दिशा, परिधि ,विनीत, रितिका , खुशबु, गौरव ने प्रथम व साक्षी, रोनक, साहिल, दिया, अलीशा, लक्ष्य ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### सुंदर रंगोली बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**नारनौंद।** चौधरी भागमल नर्सिंग कॉलेज खेड़ी चोपटा में दिवाली समारोह मनाया गया। दिवाली के समारोह में छात्रों ने रंगोली, दीया और कक्षा सजावट का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने सुंदर रंगोली बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया और दिए सजाए गए जिसमें जीएनएम से निधि, प्रतिज्ञा, सोनिया, काजल, अजय, अमन, आर्यन व एएनएम से मनीषा, नेहा, माफी, सिनु और अन्नू की टीम की सबसे सुंदर रंगोली रही।

### 5.59 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** जिला भर में नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालो पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए स्पेशल स्टाफ पुलिस ने 5 ग्राम 59 मिलीग्राम हेरोइन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान शिव कालोनी निवासी आशीष उर्फ आशु के रुप में हुई है। स्पेशल स्टाफ पुलिस को गश्त पड़ताल के दौरान सूचना मिली थी कि उमरा रोड़ पर एक व्यक्ति नशीला पदार्थ लेकर हांसी की ओर आएगा है। सूचना के आधार पर स्पेशल स्टाफ पुलिस ने तत्परता से बताए गए स्थान पर पहुंचकर व्यक्ति को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो आरोपी के पास 5.59 मिलीग्राम हेरोइन मिली।

### वेलफेयर सोसायटी ने चिड़ौद में लगाया रक्तदान शिविर

**हिसार।** जनहित युवा सोशल वेलफेयर सोसायटी का छठा रक्तदान शिविर गांव चिडौद में आयोजित किया गया। इसमें विधायक रणधीर पनिहार मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे और रक्तदाताओं से बातचीत करके उनका हौंसला बढ़ाया। सोसायटी अध्यक्ष दिलबाग बिश्नोई ने बताया कि शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। इसमें युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप ज्यानी ने की।

### गुजवि ने घोषित किए परीक्षा परिणाम

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि मई 2025 में आयोजित बीएससी ऑनर्स/ विद रिसर्च-एमएससी साइकोलॉजी द्वितीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2024, ड्यूअल डिग्री बीएससी ऑनर्स-एमएससी फिजिक्स आठवां सेमेस्टर (मेन) बैच 2021, बीएससी मेडिकल कोर्स कोड-235 द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2022 व 2023, आदि का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

लुवास विशेषज्ञों ने दी सलाह

# दीपावली पर पालतू पशुओं का रखें विशेष ध्यान

पालतू जानवरों के लिए जानलेवा भी हो सकता है पटाखों का धुआं और तेज़ शोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के विशेषज्ञों ने कहा है कि दीवाली पर अत्यधिक शोर और धुएं वाले पटाखे पशुओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। तेज़ आवाज़ से पालतू जानवरों में घबराहट, बेचैनी, भूख न लगना और भागने जैसी समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। पटाखों का धुआं और तेज़ शोर पालतू जानवरों के लिए जानलेवा भी हो सकता है।

विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने सभी लोगों से अपील की है कि इस बार दिवाली ग्रीन क्रैकर्स (पर्यावरण-अनुकूल पटाखों) से ही मनाएं। ग्रीन क्रैकर्स से पारंपरिक पटाखों की तुलना में 30 से 40 प्रतिशत तक कम धुआं और आवाज़ होती है, जिससे पर्यावरण और पशुओं दोनों की सुरक्षा बनी रहती है। **विशेषज्ञों ने दी कुछ महत्वपूर्ण सलाहें:** पालतू पशुओं को दीवाली की रात घर के भीतर सुरक्षित और शांत स्थान पर रखें, दरवाज़े और खिड़कियां बंद रखें, ताकि बाहर के शोर का असर कम हो, पटाखों का धुआं और तेज़ शोर पालतू जानवरों के लिए जानलेवा भी हो सकता है, पटाखों के अवशेष हटाएं ताकि पालतू जानवरों के पेट को नुकसान न हो, ज़रूरत पड़ने पर पशु चिकित्सक की सलाह पर ही दवा दें, उन्हें मिठाइयां या तले खाद्य पदार्थ न खिलाएं, केवल उनका नियमित आहार ही दें, बाहर घुमाते समय कालर बांधकर ही ले जाएं ताकि जानवर के डरकर भागने की स्थिति में बचाव हो सके, घायल जानवरों की मदद के लिए नज़दीकी पशु-सेवा संगठन या पशुचिकित्सक को सूचित करें या फर्स्ट-एड दें।

**दिवाली का असली अर्थ प्रकाश है, प्रदूषण नहीं : डॉ. सिंधु**

लुवास के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नीलेश सिंधु ने कहा कि दिवाली का असली अर्थ है प्रकाश न कि प्रदूषण। हमें इस पर्व को इस तरह मनाना चाहिए कि मनुष्यों के साथ-साथ पशु और पर्यावरण भी सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि 'नो नॉइज, नो पॉल्यूशन, ग्रीन दीवाली—हैप्पी एनिमल्स दीवाली' का संकल्प लें और संवेदनशील समाज का उदाहरण प्रस्तुत करें।

# धोखाधड़ी के अलग-अलग मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

- एक मामले में पार्ट टाइम जॉब के नाम पर की थी 3,33,676 रुपये की धोखाधड़ी
- दूसरे मामले में शेयर मार्केट में इन्वेस्ट के नाम पर की थी 3,24,000 रुपये की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जिला भर में साइबर अपराधों पर लगाम लगाते हुए थाना साइबर क्राइम पुलिस ने दो अलग अलग मामलों में धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए एक आरोपी ने पार्ट टाइम जॉब कर टास्क पूरा करने के नाम पर 3,33,676 रुपए की धोखाधड़ी मामले में चौथे आरोपी दीपक निवासी भुरासर झुंझनू व वही दूसरे मामले में शेयर मार्केट में इन्वेस्ट के नाम पर 3,24,000 रुपए की धोखाधड़ी मामले में आरोपी मालीराम उर्फ मुकेश निवासी छोटवाड़ा जयपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया गया है। एएसआई सज्जन कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने कुछ दिन पहले अपने दोस्तों के साथ मिलकर गांव बास निवासी मनीष को पार्ट टाइम जॉब व टास्क पूरा करने के नाम पर कुल 3,33,676 रुपये की धोखाधड़ी की थी।

**आरोपी को काबू कर 60 हजार रुपये बरामद किए**

थाना साइबर क्राइम ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 60,000 हजार रुपये बरामद कर कब्जा पुलिस में लिए गए है। इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर किया जा चुका है वहीं दूसरे मामले में मुख्य सिपाही वीरेंद्र ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने गत दिनों रूप नगर कॉलोनी निवासी जतिन के व्हाट्सएप पर लिंक भेज कर शेयर मार्केट में दोगुना मुनाफा देने के बहाने 3,24,000 रुपये की धोखाधड़ी की थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20000 बरामद कर कब्जा पुलिस में लिए गए हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेश अनुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### बाबा अब क्यों देर लगावै... भजन सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

**हिसार।** बीड़ बबरान धाम द्वारा श्रद्धालुओं को अध्यात्म से जोड़ने के लिए महावीर कॉलोनी में आठवां निशुल्क ताली कीर्तन आयोजित किया गया। इस दौरान श्री श्याम बाबा के श्रीचरणों में समर्पित भाव भरी भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा व अन्य गायकों ने श्याम बाबा की गाथाओं से परिचय करवाकर समां बांध दिया। इस दौरान महाराज मयूर शर्मा की कीर्तन में विशेष सेवा रही। विनय शर्मा ने बाबा अब क्यों देर लगावै, ओ खाटू का श्याम तन्नै लख दा तार बतावै भजन गाया तो श्रद्धालु भावविभोर हो गए। ताली कीर्तन में महावीर कॉलोनी व आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस दौरान बीड़ बबरान धाम से लाई गई अखंड ज्योति के दर्शन करके भक्त अभिभूत हो गए और कीर्तन का पंडाल जय श्याम बाबा के उदघोष से गूंज उठा। पुजारी विनय शर्मा ने श्याम बाबा की महिमा बताई।

# ओम स्कूल में हर्षोल्लास से मनाई दीपावली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। प्रतियोगिता में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में दीपावली का त्यौहार बड़ी धूमधाम और पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और सामाजिक मूल्यों का सुंदर प्रदर्शन किया। इस शुभ अवसर पर ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल, प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल और सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन देवेंद्र जी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर को सुंदर कलाकृतियों से सजाय व पर्यावरण सुरक्षा, शांति और सद्भाव, महिला सशक्तिकरण से संबंधित विषयों पर अलग-अलग रंगोली बनाकर प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में रमन सदन ने स्वच्छ भारत विषय पर बेहतरीन रंगोली बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनके माध्यम से उन्होंने बुराई पर अच्छाई की विजय का सशक्त संदेश दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य केएल गोस्वामी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि त्यौहार का असली आनंद प्रदूषण पर नियंत्रण और सावधानी पूर्वक दीपावली मनाने से ही संभव है, जिससे सभी खुश रह सकें। उन्होंने जोर दिया कि ऐसे आयोजन बच्चों में भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक मूल्यों के प्रति प्रेम जागृत करते हैं।



हिसार। सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी के मौके पर उपस्थित विद्यार्थी।

# यातायात नियमों का पालन ही संपूर्ण सुरक्षा

**हिसार।** छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय में 'यातायात एवं सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ,हिसार पुलिस के तत्वावधान में हरियाणा पुलिस व शिक्षा विभाग की कोलैबोरेशन से सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी स्तर तीन- चार का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी का उद्देश्य यातायात एवं सड़क सुरक्षा की जानकारी को आम जन तक पहुंचाने एवं छात्रों और युवाओं को संवेदनशील बनाना है। इस प्रश्नोत्तरी में लगभग 120 प्रतिभागियों ने भाग लिया। बीएड प्रथम वर्ष की दो छात्राओं पूनम व प्रियंका ने 90 फीसद अंक प्राप्त किए व पांच विद्यार्थियों प्रियंका, मुस्कान, रेखा, तमन्ना, चंचल व मुस्कान ने 86.6 अंक प्राप्त किए। प्राचार्या प्रोफेसर उर्मिला मलिक ने विद्यार्थियों को अच्छे अंक लाने पर शुभकामनाएं व बधाई दी। कार्यक्रम का आयोजन रोड सेफ्टी क्लब के इंचार्ज डॉक्टर अजीत नें करवाया। इस कार्यक्रम में डॉ शालिनी ,डॉ पूनम व डॉ मोनिका का पूर्ण सहयोग रहा।

# वर्ल्ड रेसलिंग में कांस्य पदक जीतकर अंतिम व श्रुति ने किया नाम रोशन : प्रो. काम्बोज

- वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप क्रोशिया में आयोजित की गई
- कुलपति प्रो . बीआर काम्बोज ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। कुलपति प्रो . बीआर काम्बोज के साथ कांस्य पदक विजेता व अन्य।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साईं) की दो महिला खिलाड़ी अंतिम पंघाल और श्रुति कुंडू ने वल्ड रेसलिंग टूर्नामेंट में कांस्य पदक प्राप्त करके देश का नाम रोशन किया है। दोनों खिलाडियों ने यहां पहुंचने पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज से मुलाकात की।

प्रो. काम्बोज ने उनकी इस सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सीनियर वल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप जो क्रोशिया में आयोजित की गई थी, इस प्रतियोगिता के 53 किलोग्राम फ्री स्टाइल में अंतिम पंघाल ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

गौरतलब है कि अंतिम पंघाल ने गत वर्ष पेरिस ओलंपिक में भी भाग लिया था। श्रुति कुंडू ने जूनियर वल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप जो बुलगारिया में आयोजित की गई। उन्होंने इस प्रतियोगिता के 50 किलोग्राम फ्री स्टाइल में कांस्य पदक हासिल किया। इस अवसर पर उनके साथ साई, हिसार के सहायक निदेशक विजय कुमार मनचंदा, साई के रेसलिंग कोच राजेश नांदल, जेएसडब्ल्यू के रेसलिंग कोच सिया नंद दहिया व सहायक राजेश कौशिक भी मौजूद थे।

### धारा संघ में साधकों को विद्युत ध्यान करवाया

**हिसार।** समर्थगुरु धारा संघ में रविवार को ध्यान सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें आचार्य कृष्ण उत्सव ने साधकों को विद्युत ध्यान करवाया। सत्र की शुरुआत उत्सव, गुरु वंदना और ध्यान की महत्ता पर संक्षिप्त प्रवचन से हुई। आचार्य ने बताया कि विद्युत ध्यान एक विशेष ध्यान पद्धति है, जिसमें साधक अपने शरीर और मन में विद्युत (ऊर्जा) के प्रवाह को महसूस करता और संतुलित करता है। इसका उद्देश्य है तनाव कम करना, मानसिक स्थिरता पाना और शरीर की प्राकृतिक ऊर्जा को सक्रिय करना। आचार्य कृष्ण उत्सव ने बताया कि "विद्युत ध्यान" का अर्थ है ऊर्जा के स्रोत पर ध्यान या ऊर्जा की तरंगों के साथ मन को जोड़ना। इसमें साधक अपने भीतर प्रवाहित प्राण ऊर्जा को विद्युत धारा की तरह अनुभव करता है। इसके बाद आचार्य ने साधकों को क्रमवार विद्युत ध्यान की प्रक्रिया समझाई।




# किरतान में चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। गावं में सफाई अभियान चलाते हुए।

दीपावली से एक दिन पहले गांव किरतान में सफाई अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत केन्द्र हिसार, श्री राघव माधव शाखा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान के सहयोग से हुआ। अभियान के तहत गांव के मंदिर, स्वास्थ्य केंद्र हॉस्पिटल, राजीव गांधी सेवा केन्द्र पंचायत घर आदि में साफ-सफाई की गई।

इस मौके पर क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य ने कहा कि दीपावली पर हर आदमी अपने घर को साफ स्वच्छ करता है। कई लोग घर का कूड़ा तथा अनुप्रयोग वस्तुओं को यहां तहां भी फेंक देते हैं, इसलिए अपने घर के साथ आसपास भी माहौल को स्वच्छ बनाया जाए। सभी को मिलकर स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए। घर में सफाई के साथ आस पास गली व सड़कों में भी सफाई होनी चाहिए। तभी स्वच्छता अभियान की सार्थकता हो सकेगी। सफाई अभियान चलाकर गांव शहर व प्रदेश तथा देश को साफ सुथरा बनाएं। घर में घी का दीपक जरूर जलाएं। इस दौरान ओपी भारद्वाज, प्रोमिल आर्य, सुरेन्द्र कुमार, चिंतन लाल, विनोद कुमार खोवाल, आदि मौजूद रहे।

### श्याम बाबा का नोटों से किया श्रृंगार

**हिसार।** सेक्टर 16-17 स्थित श्री श्याम मंदिर मे दिवाली के उपलक्ष्य में नोट चक्रों से श्रृंगार किया गया। मंदिर स्थित सभी भगवानों के दरबारों का दिल्ली से आए विशेष फूलों से श्रृंगार किया गया। मंदिर कमेटी प्रधान दिनेश बिंदल एवं त्रिलोक बंसल ने बताया भगवान के लिए पानीपत से पोशाक मंगवाई गई है। दिवाली पर मंदिर परिसर पर आकर्षक लाइटिंग के साथ सजावट की गई है ।मंदिर मे घी के दियो से दीपमाला की जाएगी। 22 अक्टूबर को दोपहर 12.15 बजे भक्तों अन्नकुट भोग प्रसाद वितरित किया जाएगा ।

# राजकीय कन्या विद्यालय में करवाई प्रतियोगिताएं

**हिसार।** सुशीला भवन रोड स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दिवाली के उपलक्ष्य में एनएसएस के वालंटियर्स की प्रतियोगिताएं की गई। इसमें रंगोली और दीये बनाओ प्रतियोगिता शामिल थी। वालंटियर्स ने बढचढ कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का जमकर प्रदर्शन किया। एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी संतोष ओला ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाली छात्राओं को प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार श्योकन्द ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अनिल चन्द्र पांडे, संगीत सांगवा, प्रवीण कुमार के अलावा कमलेश, ज्योति सिंह, सुमित्रा, सरोज, पूनम व सुनीता रानी उपस्थित थी। प्रोग्राम अधिकारी सन्तोष ओला ने प्रधानाचार्य व स्टाफ सदस्यों का एनएसएस वॉलंटियर्स का हौंसला बढ़ाने के लिए आभार जताया।



हिसार। प्रतियोगिता में भाग लेते एनएसएस वालंटियर्स।

### कुलदीप बिश्नोई आदमपुर में मनाएंगे दिवाली

**आदमपुर।** भिवानी एवं हिसार से सांसद रहे कुलदीप बिश्नोई, आदमपुर व हांसी से विधायक रही रेनुका बिश्नोई तथा युवा नेता भव्य बिश्नोई 21 अक्टूबर को राम-रमी के अवसर पर सुबह 8 से 10 बजे तक लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं देंगे। जयवीर गिल ने बताया कि हमेशा की तरह भजन लाल परिवार दीपावली पर्व अपने लोगों के बीच मनाता आया है और अबकी बार भी परिवार के सभी सदस्य दीपावली पर्व आदमपुर में अपने परिवार के बीच मनाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौ. भजन लाल द्वारा शुरू की गई यह परंपरा कुलदीप बिश्नोई ने निरंतर आगे बढ़ाई है और आदमपुर में वे दीपावली पर्व पर हमेशा की तरह इस बार भी परिवार सहित लोगों के बीच रहेंगे।

